53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606    संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा    रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:28, सूर्यास्त - 5:37 | वर्ष : 53/अंक : 296 सोमवार, 27 अक्टूबर 2025 कार्तिक, शुक्ल पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

न्यूनतम 16.0°c
अधिकतम 30.6 °c

**अमृतवाणी**
पैसा वही है, जो पास में है,
ताकत वही है, जो हाथ में है,
अपने वही हैं, जो साथ में हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी को बिहार की जनता पर भरोसा नहीं, इसलिए वह मैदान से गायब हैं : बिहार भाजपा



राहुल व्यस्त हैं....
वो इमरती पर शोध कर रहे हैं....



53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 15.8°c अधिकतम 31.5 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:28, सूर्यास्त - 5:37 | वर्ष : 53/अंक : 296 सोमवार, 27 अक्टूबर 2025 कार्तिक, शुक्ल पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | पृष्ठ-2

**अमृतवाणी**

पैसा वही है, जो पास में है,
ताकत वही है, जो हाथ में है,
अपने वही हैं, जो साथ में हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी को बिहार की जनता पर भरोसा नहीं, इसलिए वह मैदान से गायब हैं : बिहार भाजपा



राहुल व्यस्त हैं....
वो इमरती पर शोध कर रहे हैं....

# सऊदी अरब में पत्नी से वीडियो कॉल करते युवक ने की आत्महत्या

## भोकरहेड़ी के युवक ने रियाद में फांसी लगाकर दी जान

**भोपा, 26 अक्टूबर (बु.)।** सऊदी अरब की राजधानी रियाद में नौकरी करने गए मुजफ्फरनगर के युवक की पत्नी से वीडियो कॉल पर कुछ कहासुनी हो गई, जिसके बाद युवक ने अपनी पत्नी से मोबाइल पर वीडियो कॉल करते समय फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक के शव को जल्द से जल्द भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पैसा कमाने परदेस गए युवक की मौत से सनसनी फैल गई। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मौहल्ला पीपलवाला निवासी 22 वर्षीय आस मौहम्मद अंसारी उर्फ मुन्ना दो माह पूर्व सऊदी अरब की राजधानी रियाद में नौकरी करने के लिए गया था। आस मौहम्मद की गत 7 अप्रैल 2025 में भोपा निवासी सामिया के साथ शादी हुई थी। रियाद में ही आस मौहम्मद के मामा इकराम अंसारी व साला आदिल भी कार्य करता है। शनिवार को आस मौहम्मद शनिवार को अपनी पत्नी सामिया से मोबाइल पर वीडियो कॉल पर बात कर रहा था। वीडियो कॉल के दौरान किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई, जिसके बाद आस मौहम्मद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी के शोर मचाने के बावजूद वह हजारों किलोमीटर दूर होने के कारण कुछ नहीं कर सकी। पत्नी ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने किसी प्रकार रियाद में ही कार्यरत मृतक के मामा इकराम अंसारी को सूचना दी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे तो आस मौहम्मद को फांसी पर लटका पाया। उसकी मौत हो चुकी थी। परिवार में इस घटना के बाद मातम छा गया है। आस मौहम्मद के पिता कासिम अंसारी पेशे से टेलर मास्टर हैं। पूरा परिवार इस घटना के बाद गहरे सदमे में हैं। परिजनों के अनुसार, शव को जल्द से जल्द भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कस्बे में लोगों की भारी भीड़ संवेदना व्यक्त करने पहुंच रही है। आस मौहम्मद की मौत से पिता कासिम अंसारी, माता हमीदा, पत्नी सामिया, बहन नजमा व भाई नजर मौहम्मद का रो रोकर बुरा हाल है।



मृतक का फाइल फोटो

## महावीर चौक पर बाइकें टच होने पर युवकों की जंग से मचा हंगामा



**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** महावीर चौक पर आज बाइकें टच हो जाने से दोनों वाहनों पर सवार युवकों में जंग हो गई। पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की। ना मानने पर उन्हें सिविल लाइन थाने ले जाया गया। वहां उनका समझौता होने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। बताया गया है कि महावीर चौक पर बीएसपी कार्यालय के पास दो बाइकें आपस में टच हो गईं। एक बाइक पर दो युवक सवार थे। दूसरी पर एक युवक और एक महिला थी। कहासुनी मारपीट में बदली तो वहां हंगामे की स्थिति बन गई। इसकी वीडियो भी वायरल हो गई। इस बीच चौराहे से पहुंची पुलिस ने उन्हें समाने की कोशिश की तो वे नहीं माने। इसके बाद उन्हें सिविल लाइन थाने ले जाया गया। वहां दोनों पक्षों में समझौता के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।



## घर में घुसकर जबरदस्ती दुष्कर्म का आरोप

### बंद कमरे में युवती के साथ मिले नेताजी के सुपुत्र

**चरथावल, 26 अक्टूबर (बु.)।** आजकल की औलाद में मां-बाप को लगातार शर्मसार करने में लगी हैं। ऐसा ही एक मामला चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा से सामने आया, जिसमें क्षेत्र के ही एक नेता के सुपुत्र एक युवती के घर पर बंद कमरे में मिले। क्षेत्र के लोगों को कई दिन से इसका आभास था। मगर आज क्षेत्र के लोगों ने नेताजी के पुत्र को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस को सौंप दिया, जब नेताजी के पुत्र फरदीन को कमरे से बाहर लेकर पुलिस निकली तो सैकड़ो लोगों की भीड़ ने उसकी वीडियो भी बनाई और खूब खरी-खोटी सुनाई।

मिली जानकारी के अनुसार देर रात्रि में घर में घुसकर जबरदस्ती दुष्कर्म करने व किसी को बताने पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए युवती ने आरोपित के विरुद्ध तहरीर दी। पीड़िता ने इंटरनेट पर फोटो प्रसारित करने की धमकी देकर युवक फरदीन पर तीन साल से दुष्कर्म करने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को



गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव कुटेसरा निवासी एक युवती ने दर्ज कराये मुकदमें में बताया कि तीन वर्ष पूर्व कालेज में पढ़ते समय फरदीन ने उसके फोटो चोरी से खींच लिये थे, तभी से आरोपी फरदीन फोटो इंटरनेट मीडिया पर डालने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर पीड़िता के साथ दुष्कर्म करता आ रहा है। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार की देर रात्रि फरदीन ने घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। धमकी दी यदि किसी को बताया तो मेरे पास तेरे फोटो व वीडियो है, उन्हें इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दूंगा। आरोपित को घर से निकलते हुए स्वजन ने देख लिया था। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने जब फरदीन को पुलिस ले जा रही थी तो उसकी वीडियो भी बनाई और खूब खरी-खोटी भी सुनाई। पीड़िता ने आरोपित के विरुद्ध तहरीर दी है। बताया जा रहा है मामला थाने में पहुंचने के बाद क्षेत्र के लोगों की पंचायत की राय बन रही है कि उसका उक्त युवती से निकाह कराया जाएगा, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास भी किया।



## इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर बेच रहे थे हथियार, ग्रुप का नाम था "रोमियो और भौकाल", सात तस्कर गिरफ्तार

### मुजफ्फरनगर में अवैध हथियारों का जखीरा बरामद

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** जनपद में पुलिस ने अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 7 तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री कर रहा था। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि लंबे समय से अवैध हथियारों की तस्करी की सूचनाएं मिल रही थीं, जिसके बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस को पता चला कि यह गिरोह सोशल मीडिया का उपयोग कर ग्राहकों से संपर्क करता था और हथियारों की डील फाइनल करता था।

एक सुनियोजित कार्रवाई में, पुलिस टीम ने गिरोह के 7 सदस्यों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के पास से बड़ी तादाद में अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। एसएसपी ने बताया कि यह गिरोह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं को गुमराह कर उन्हें अवैध हथियार बेच रहा था, जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था को खतरा था। गिरोह के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है, ताकि उनके नेटवर्क और हथियारों के स्रोत का पता लगाया जा सके। पुलिस ने दावा किया है कि इस गिरफ्तारी से अवैध हथियारों की तस्करी के एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है और भविष्य में ऐसे अपराधों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।





शेष समाचार : पृष्ठ-4

## दिवाली पर विवाद में घायल रामलीला टीला निवासी की छह दिन बाद मौत

### मौहल्ले के लड़कों की लड़ाई में बीच बचाव करते मारी थी सिर पर रॉड

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** दिवाली के दिन हुए विवाद सुलााने के लिए हस्तक्षेप करने में सिर पर मारा गया नुकीला हथियार शहर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला रामलीला टीला निवासी युवक के लिए जान लेवा साबित हुआ। छह दिन जिंदगी मौत के बीच झूलने के बाद पिंटू ने दम तोड़ दिया। घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। आज उसकी मौत की खबर से सनसनी फैल गई। पुलिस भी सूचना के बाद मौके पर पहुंची और मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया।



पुलिस के अनुसार दिवाली के दिन रामलीला टीला निवासी अभिषेक, दीपक, विकास, कल्लू, छोटा, अखिलेश, बिट्टू, विकास, संदीप उर्फ छोटा का बोबी के साथ झगड़ा हो गया था। उनके बीच मारपीट होती देख कुछ लोगों ने हस्तक्षेप किया। रामलीला टीला निवासी 40 वर्षीय पिंटू मारपीट के दौरान बीच बचाव कराने के लिए वहां पहुंच गया। इसी दौरान एक आरोपी ने उसके सिर में लोहे की रॉड मार दी थी। सिर में रॉड लगने से वह खून में लथपथ हो गया। गंभीर रूप से घायल हालत में पिंटू को परिवार के लोग जिला अस्पताल में लेकर गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रुड़की रोड पर स्थित प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया गया। स्थिति सुधरने के बाद परिजन उसे घर ले आए। आज रविवार को अचानक उसकी हालत फिर बिगड़ गयी। परिवार के लोग उसे मेरठ ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पिंटू के शव को देखकर उसके भाई राजू की हालत भी बिगड़ गयी। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच दीपावली की रात मारपीट होने के बाद समझौता हो गया था, जिस कारण पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। आज उसकी मौत की सूचना के बाद पुलिस रामलीला टीला पहुंची और परिजनों से बात की। पिंटू के भाई ने मौहल्ले के सात युवक छोटा उर्फ संदीप, छोटा, कल्लू,दीपक, बिट्टू अखिलेश व अभिषेक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। थाना प्रभारी उमेश रोरिया ने बताया कि तहरीर मिलने पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पिंटू की मौत के बाद विवाद में शामिल युवकों में खलबली मच गई है।



## बंद मकान पर चोरों का धावा, आभूषण सहित नगदी पर किया हाथ साफ

*__चरथावल, 26 अक्टूबर (बु.)।__ चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुल्हेड़ी में अज्ञात चोरों ने बंद मकान में हाथ साफ करते हुए सोने-चांदी के जेवर सहित नगदी भी चुरा ली। देर शाम जैसे ही मकान मालिक घर पर लौटा और उसने घर के सामान तीतर-बितर पड़ा हुआ देखा तो उसके पैरों के तले की जमीन खिसक गई। पीड़ित ने तुरंत ही घटना की सूचना पुलिस को दी। मिली जानकारी के अनुसार चरथावल थाना क्षेत्र के कुल्हेड़ी गांव निवासी अली मोहम्मद पुत्र शब्बीर के मकान पर ताला लगा था। घर के सभी सदस्य अपने काम के लिए इधर-उधर गए हुए थे, तभी उनके पीछे अज्ञात चोरों ने बंद मकान को देखकर और मकान के अंदर घुसकर मकान पर हाथ साफ कर लिया और सोने-चांदी के आभूषणों सहित नगदी भी चुराकर अज्ञात चोर ले गए। जैसे ही परिजन शाम के समय अपने-अपने कार्यों से मुक्त होकर घर वापस आये तो उन्होंने घर का सामान इधर-उधर बिखरा हुआ देखा, तो उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई, जब उन्होंने अपने कमरों में जाकर सामान को चेक किया, तो वहां से सोने-चांदी के आभूषण सहित नगदी भी गायब मिली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। तुरंत नवनियुक्त थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और पीड़ित से पूरे प्रकरण की जानकारी ली। वहीं पुलिस द्वारा घर का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी ने बताया की घटना संदिग्ध लग रही है और मामले की जाँच की जा रही है।*



## यूपी में कफ सिरप से बच्चे की हालत बिगड़ी, मासूम ने तोड़ा दम

बुलंदशहर, 26 अक्तूबर (एजेंसी)। यूपी के बुलंदशहर में एक बच्चे की कफ सीरप पीने से मौत हो गई। भैयादूज पर अलीगढ़ से मां के साथ अपनी ननिहाल अनूपशहर आए चार वर्षीय बालक की कफ सिरप पीने के बाद हालत बिगड़ गई। दिल्ली सफदरजंग चिकित्सालय में उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। अनूपशहर के मोहल्ला मदारगेट स्थित गिहारा बस्ती निवासी भोजराज की बेटी ममता की शादी अलीगढ़ निवासी तुलसीदास से हुई थी। भैयादूज पर ममता सर्दी खासी से ग्रस्त अपने 4 वर्षीय पुत्र गोलू समेत तीन बच्चों के साथ मायके अनूपशहर आई थी। ममता अलीगढ़ से गोलू की दवाई भी साथ लाई थी। शुक्रवार को गोलू की खांसी बढ़ने पर ममता सिरप पिलाकर किसी कार्य से घर से बाहर चली गई। इसके बाद गोलू को तेजी से खांसी उठी तो घर पर अन्य बच्चों ने उसे दो ढक्कन कफ सिरप और पिला दिया, जिसके बाद गोलू की तबीयत और बिगड़ती चली गई।

## शहर कोतवाल समेत जिले के कई थाना प्रभारी बदले

### भोपा थाना प्रभारी अपराधों पर लगाम ना लगाने पर हटाए

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** एक बार फिर एसएसपी ने देर रात शहर कोतवाली प्रभारी समेत जनपद के पांच अधिकारियों में फेरबदल किया है। भोपा थाना क्षेत्र में अपराध पर लगाम न लगा पाने के कारण थाना प्रभारी को हटा दिया गया है। स्थानांतरित हो चुके जनपद के दो पुलिस इंस्पेक्टरों को गैर जनपद के लिए रिलीव कर दिया है।

शनिवार देर रात एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मीरापुर थाना प्रभारी बबलू कुमार वर्मा को शहर कोतवाली का प्रभारी बना दिया। उनके स्थान पर फुगाना थाना प्रभारी ओम प्रकाश सिंह को मीरापुर थाने का चार्ज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह को भोपा थाने का चार्ज दिया है। लगातार हो रहे अपराधों पर लगाम न लगा पाने के कारण भोपा थाना प्रभारी मुनेश कुमार को हटाकर नारकोटिक्स सैल भेज दिया गया है। क्राइम ब्रांच से इंस्पेक्टर विजय सिंह को फुगाना थाने का चार्ज दिया गया है। इंस्पेक्टर जय सिंह भाटी को एएचयूटी प्रभारी बनाया गया है। जनपद में शहर कोतवाली प्रभारी रहे उमेश रोरिया व इंस्पेक्टर विकास यादव का गैर जनपद ट्रांसफर होने पर उन्हें रिलीव करने के आदेश जारी किए गए हैं।

## युवक की मौत के मामले में चौकी इंचार्ज सस्पेंड, थाना प्रभारी रिलीव

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि युवक की मौत के मामले में रामलीला टीला चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया गया है, वहीं शहर कोतवाल प्रभारी उमेश रोरिया को भी गैर जनपद रिलीव किया गया। उन्हें बताया कि इस प्रकरण में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। युवक को गंभीर चोटें आई थी। दोनों पक्षों में समझौते हो गया था, लेकिन युवक को गंभीर चोट लगी थी, पुलिस को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए थी।



# माफिया निगल गया जिले के गुड़ का कारोबार

### एक जिला एक उत्पाद में शामिल होने के बावजूद गुड़ पर कोई अंकुश नहीं

### जिले में कुल उत्पादित गुड़ का दस प्रतिशत भी नहीं पहुंच पा रहा नवीन मंडी

### माफिया दो प्रतिशत मंडी शुल्क की चोरी के लिए कर रहे भारी तस्करी

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** एशिया की सबसे बड़ी गुड़ मंडी को माफिया निगल गया है। हालत यह है कि मंडी में गुड़ का कारोबार विगत दो दशकों में दस प्रतिशत रह गया है। ऐसा नहीं है कि गुड़ का उत्पादन और मांग नहीं है, दुनिया भर में इसकी मांग है। प्रदेश सरकार ने एक जिला एक उत्पाद में भी मुजफ्फरनगर को गुड़ के लिए चुना है। इसके बावजूद हाल यह है कि स्थानीय स्तर पर गुड़ माफिया पर कोई लगाम नहीं है। जिले में उत्पन्न होने वाला नब्बे प्रतिशत गुड़ मंडी में आने के बजाय बाहर से ही दूसरे राज्यों को भेजा जा रहा है। इसमें न केवल बड़े पैमाने पर मंडी शुल्क की चोरी हो रही है, बल्कि नवीन मंडी में करोड़ों रुपये खर्च कर दुकानें सजाए बैठे व्यापारी परेशान हैं। मुजफ्फरनगर के गुड़ की मिठास देश के तमाम राज्यों के साथ विदेश के लोगों को भी लुभाती रही है। गन्ना उत्पादक क्षेत्र के शीर्ष पर रहा जनपद गन्ने, खांडसारी और चीनी की बाउल रहा है। यूपी के साथ राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और पंजाब में गुड़ की सर्वाधिक खपत है। अभी बात गुड़ की करें तो एशिया की सबसे बड़ी गुड़ मंडी में व्यापारी गुड़ की राह तक रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि नवीन मंडी में इस समय करीब पांच से छह हजार मन या कट्टे गुड़ ही आ रहा है। जबकि माना जा रहा है कि इस समय जिले में गुड़ का उत्पादन पचास हजार मन प्रतिदिन के आसपास है। ऐसे में कुल उत्पादित गुड़ का मात्र दस प्रतिशत ही मंडी पहुंच रहा है। मंडी के व्यापारियों का कहना है कि गांव-गांव गुड़ माफिया कोल्हू व्यवसाय पर कब्जा कर चुके हैं। इसका नतीजा यह है कि उत्पादित गुड़ मंडी में आने के बजाय सीधे बाहर से बाहर दूसरे स्थानों को भेज दिया जाता है। जानकार सूत्रों का कहना है कि नई मंडी से जब गुड़ का कारोबार 1982 में नवीन मंडी स्थल पर स्थानांतरित किया गया, उस समय गुड़ की कुल आवक करीब 92 हजार मन प्रतिदिन थी। कुछ वर्षों बाद यह घटकर 62 हजार, फिर चालीस हजार और इसके बाद बीस हजार रह गई। अभी गुड़ उत्पादन का शुरूआती समय है, ऐसे में आवक पांच से छह हजार मन पर है। इसमें आगे थोड़ा इजाफा हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद स्थिति वही रहनी है कि उत्पादन का दस प्रतिशत भी गुड़ मंडी नहीं पहुंचता। टैक्स की बात करें तो कृषि उत्पाद होने के कारण इस पर और तो कोई कर नहीं है, लेकिन मंडी में गुड़ लाने पर इस पर डेढ़ प्रतिशत मंडी शुल्क और आधा प्रतिशत सेस मिलाकर कुल दो प्रतिशत शुल्क लगता है। पहले यह ढाई प्रतिशत होता था। इस ढाई प्रतिशत को बचाने के लिए पूरे जिले में गुड़ माफिया का संजाल इतना मजबूत हो चुका है कि वह मंडी के पूरे व्यापार को खा गया है। नवीन मंडी स्थल पर गुड़ के भुगतान की कोई समस्या नहीं है। अधिकांश गुड़ तत्काल भुगतान पर खरीदा जाता है। इसके उलट माफिया प्रतिदिन उत्पादित गुड़ के हिसाब के उत्पादक को एडवांस तक दे देते हैं। ऐसे में शाम ढलते ही माफिया के ट्रक कोल्हुओं से माल एकत्र करना शुरू कर देते हैं और रात में ही यह पार हो जाता है। दी गुड़ खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेंट्स ऐसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल का कहना है कि मंडी में गुड़ व्यापार को जिले में फैला माफिया बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। मंडी समिति और जिला प्रशासन को चाहिए कि गुड़ माफिया पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। व्यापारी नेता संजय मिश्रा का कहना है कि जिले में एक हजार से अधिक कोल्हू गुड़ का उत्पादन कर रहे हैं। माफिया जिले की सीमा पार कर सीधे दूसरे राज्यों या प्रदेश के दूसरे हिस्सों में गुड़ भेज रहे हैं। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि गुड़ के अवैध व्यापार पर रोक लगाने का काम करे।



## लकड़ी व्यापारी पर जानलेवा हमला, बाइक सवार बदमाशों ने की फायरिंग

**चरथावल, 26 अक्टूबर (बु.)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगला कुल्हेड़ी मार्ग पर देर शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एक लकड़ी व्यापारी नदीम पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। गनीमत रही कि गोली लगने से व्यापारी बाल-बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार, थानाक्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी निवासी लकड़ी आढ़ती नदीम देर शाम नंगला राई से अपना सामान लेकर वापस अपने गांव लौट रहे थे, इसी दौरान नंगला-कुल्हेड़ी मार्ग पर घात लगाए बैठे दो बाइक सवार अज्ञात युवकों ने उन्हें निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश तुरंत मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नवनियुक्त चरथावल थानाध्यक्ष सत्यनारायण दहिया मय फोर्स मौके पर पहुंचे और घटना की बारीकी से जांच करते हुए अज्ञात हमलावरों की तलाश में कांबिंग कराई।

## आरिफ आत्महत्या प्रकरण : पत्नी व सास गिरफ्तार

**चरथावल, 26 अक्टूबर (बु.)।** चरथावल के आरिफ आत्महत्या प्रकरण में चरथावल पुलिस ने पिता सरताज की तहरीर पर मुकदमा लिखने के बाद पत्नी फरहीन और सास सालेहां उर्फ सालों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। चरथावल के मौहल्ला मुर्दापट्टी निवासी आरिफ पुत्र सरताज ने 21 अक्टूबर की शाम पत्नी और सास ससुर के उत्पीड़न से तंग आकर फेसबुक लाइव आकर सास-ससुर में पत्नी तथा साले पर आरोप लगाते हुए विषैला पदार्थ खाकर अपने जीवन लीला समाप्त की थी। रविवार सुबह चरथावल चौकी इंचार्ज तेजवीर सिंह ने मृतक आरिफ की आरोपित पत्नी फरहीन और उसकी सास सालेहा को गिरफ्तार कर जेल न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

## 3 वारंटियों को जेल भेजा

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** थाना छपार पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना छपार पुलिस ने नरेश कुमार पुत्र मांगेराम निवासी शिव शक्ति कालोनी रामपुर तिराहा, इन्तजार पुत्र समेद्दीन निवासी ग्राम छपार तथा मौ. तलाह पुत्र इलियास निवासी ग्राम तेजलहेडा को उनके विरुद्ध दर्ज अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा, चलती बस जलकर खाक

**आगरा, 26 अक्टूबर (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ में रविवार की तड़के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों से भरी बस आग का गोला बन गई। यह दिल्ली से सवारियां लेकर गोंडा जा रही थी। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। बस चालक और हेल्पर ने आनन-फानन में सवारियों को बाहर निकाला। इससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, बस पूरी तरह जल गई। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, टायर फटने से बस में आग लगने की बात कही जा रही है। हादसा आगरा एक्सप्रेस-वे पर उस वक्त हुआ, जब बस यात्रियों को भरकर दिल्ली से गोंडा जा रही थी। यह उस वक्त हुआ जब बस का टायर फट गया, जिससे भीषण आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते बस आग का गोला बन गई और धुएं का गुबार करीब दो किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। दरअसल घटना काकोरी थाना क्षेत्र में सुबह करीब 4:45 बजे टोल प्लाजा से लगभग 500 मीटर पहले की है। इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया बस चालक की सूझबूझ से 40 यात्रियों की जान बच गई। चालक ने बताया कि पिछले पहिए से धुआं उठता देखा, तो गाड़ी को किनारे लगाकर रोक दिया। फिर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## बाइक से उछलकर गिरी महिला हायर सेंटर रैफर

**बुढ़ाना, 26 अक्टूबर (बु.)।** अपने घर से शुगर मिल पर अपने पति के साथ मोटर साइकिल पर बैठकर किसी कार्य से जा रही महिला जम्प आने पर मोटर साइकिल से उछलकर सड़क पर गिर गयी, जिसमें उसको काफी चोटें आई। चिकित्सकों ने महिला को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। पुलिस



को भी घटना की सूचना मिल गयी थी। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला बड़ौत रोड निवासी सतीश कुमार आज रविवार की शाम लगभग सवा पांच बजे लगभग 50 वर्षीया अपनी पत्नि संतोष को मोटर साइकिल पर बैठाकर किसी जरुरी कार्य से भसाना शुगर मिल की तरफ जा रहे थे। जैसे ही उनकी मोटर साईकिल बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला करबला रोड पर आई, तो जंप आने पर मोटर साइकिल अचानक जोर से उछल गयी, तो मोटर साइकिल पर बैठी संतोष भी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गयी, जिसमें उसको काफी चोटें आई। तभी आसपास के लोगों की सहायता से महिला को पास के ही एक निजी हास्पिटल में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने महिला संतोष को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया था।

# रेशु चौक अब हुआ चौधरी चरण सिंह चौक

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)। सर्कुलर रोड स्थित रेशु चौक को अब चौधरी चरण सिंह चौक के नाम से जाना जाएगा। नगर पालिका परिषद द्वारा चौक का नाम परिवर्तन किए जाने पर इलाके में हर्ष है। स्थानीय लोगों ने कहा कि किसान नेता व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर चौक का नाम रखा जाना पूरे मुजफ्फरनगर के लिए गौरव की बात है। जल्द ही चौक पर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। अब जानसठ अड्डे के पास का चौराहा जहां टिकैत चौक होगा, वहीं इसे परिक्रमा मार्ग से जोड़ने वाला रेशु चौक चौधरी चरण सिंह के नाम पर होगा।**




# चोरी की बाइक को पुर्जा-पुर्जा कर बेचने जा रहे दो शातिर गिरफ्तार


**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** चोरी की बाइक को पुर्जा-पुर्जा कर खुर्दबुर्द करने की कोशिश कर रहे दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर शहर कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा किया है। उनका एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने चोरी के बाइक के पार्ट्स, उपकरण, रेहड़ा व एक बाइक बरामद की है।

पुलिस के अनुसार गत 24 अक्टूबर को सुभाषनगर निवासी साकिर मलिक की बाइक मेरठ रोड से चोरी कर ली गयी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की थी। रविवार को सूचना मिली थी कि वाहन चोर बाइक को पुर्जा-पुर्जा कर उसे लेकर कहीं बेचने जा रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खालापार इलाके से आरोपी फरमान निवासी दक्षिणी खालापार व शाहवाज निवासी कमर पैलेस चांद मस्जिद थाना खालापार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से चोरी की बाइक के पार्ट्स, उपकरण, एक बाइक का इंजन लगा रेहड़ा व एक बाइक बरामद की है। उनका एक साथी सलीम निवासी 30 फुटा रोड थाना खालापार मौके से फरार हो गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी की बाइक को लेकर फरार सलीम के पास पहुंचे और चोरी की गयी बाइक के पार्ट्स निकालकर अपनी बाइक के पार्ट्स से बदल लिए। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि इस तरह की चोरी बाइकों के इंजन रेहड़े में लगाकर उन्हें जुगाड़ के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में ऐसी बाइक इंजन लगे रेहड़ा जुगाड़ खुले आम घूम रहे हैं।




## कम्बोडिया-थाईलैंड के बीच शांति समझौता कराया, मोदी बोले- आसियान हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी का सबसे अहम हिस्सा

**कुआलालंपुर, 26 अक्तूबर (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार सुबह मलेशिया के दौरे पर पहुंचे, यहां उन्होंने रेड कॉर्पेट पर स्थानीय कलाकारों के साथ डांस किया। कुआलालंपुर में ट्रम्प की मौजूदगी में थाईलैंड और कंबोडिया ने सैन्य संघर्ष को खत्म करने के लिए शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। ट्रम्प ने कहा कि जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया है। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक मंदिर विवाद को लेकर 5 दिनों तक जंग चली थी, जिसमें 48 लोगों की मौत हुई थी। इसे खत्म करने में ट्रम्प का बड़ा रोल था। कुआलालंपुर पहुंचने पर मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने रेड कॉर्पेट पर उनका स्वागत किया। वे आसियान समिट में शामिल होने मलेशिया पहुंचे हैं। ट्रम्प 2017 के बाद पहली बार इस सम्मेलन में शामिल हुए। वे आज मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। पीएम मोदी ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आसियान को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आसियान भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' का सबसे अहम हिस्सा है। भारत हमेशा आसियान की लीडरशिप और इंडो-पेसिफिक क्षेत्र के लिए इसके नजरिए का समर्थन करता है। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आज से आसियान समिट की शुरूआत हो रही है। यह समिट दक्षिण-पूर्व एशिया के 10 देशों का बड़ा मंच है, जहां व्यापार, सुरक्षा, शिक्षा और संस्कृति जैसे मुद्दों पर बात होगी। इस साल के आसियान समिट की थीम इनक्लूसिविटी एंड सस्टेनेबिलिटी है। भारत की तरफ से विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस समिट में हिस्सा लिया। पहले पीएम मोदी के शामिल होने की खबर थी, लेकिन उन्होंने इसे वर्चुअली संबोधित किया।



# मुठभेड़ के दौरान दो गौकश पैर में गोली लगने से लंगड़ा

## अंधेरे का फायदा उठाकर एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश भागने में हुआ कामयाब

**भोपा, 26 अक्टूबर (बु.)।** पुलिस की गौकशों के साथ मुठभेड़ में दो गौकश पैर में गोली लगने से घायल हो गये, जबकि उनके एक अन्य साथी को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया, वहीं आरोपियों का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। फरार गौकश थाना भोपा का हिस्ट्रीशीटर भी है। घायलों का सीएचसी भोपा पर उपचार किया गया। पुलिस पकड़े गये गौकशों का आपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी है।

क्षेत्राधिकारी भोपा देवव्रत वाजपेई ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपा पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति गौकशी करने की फिराक में है। पुलिस ने सूचना पर संज्ञान लेते हुए जंगल में कॉम्बिंग शुरू कर दी, जहां गंगनहर पटरी बेहड़ा थ्रू के जंगल में कुछ गौकश गौकशी करने के प्रयास में थे। गौकशों ने पुलिस को देखकर पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।



पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए दो गौकशों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान मंसाद निवासी बेहड़ा थ्रू थाना भोपा व शादाब निवासी यूसुफपुर थाना भोपा पैर में गोली लगने से घायल हो गए तथा एक अन्य गौकश जीशान निवासी सरवट थाना कोतवाली मुजफ्फरनगर को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया तथा उनका एक साथी मेहरबान निवासी यूसुफपुर थाना भोपा अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। मेहरबान थाना भोपा का हिस्ट्रीशीटर भी है। घायलों को सीएचसी भोपा ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गौकशों से एक जिंदा गाय, 2 तमंचे 315 बोर, दो खोखा कारतूस व 2 जिंदा कारतूस व गौकशी के उपकरण बरामद किये हैं। पुलिस ने कठोर कार्रवाई करते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया तथा फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## हादसे में घायल मजदूरों को विधायक मदन भैया ने अस्पताल पहुंचाया

**मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)।** हादसे में घायल मजदूरों के लिए खतौली के रालोद विधायक मदन भैया वरदान बनकर आए और उन्हें अस्पताल पहुंचवाया। रालोद विधायक रविवार को क्षेत्र में भ्रमण के बाद जानसठ से सिखेड़ा से गांव खानुपुर जा रहे थे। इसी दौरान सिखेड़ा से मंसूरपुर मार्ग पर गांव बिहारी गांव के पास लेंटर मिक्सर मशीन लेकर जा रहा जुगाड़ बाइक बचाने के चक्कर में मिक्सर मशीन समेत खेतों में पलट गया। हादसे में जुगाड़ में सवार आधा दर्जन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी विधायक मदन भैया का काफिला वहां से गुजरा तो उनकी नजर घायलों पर पड़ी। उन्होंने अपना काफिला रुकवाया और एम्बुलेंस एवं पुलिस को फोन किया और अपने काफिले में चल रहे वाहनों एवं वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों के द्वारा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। विधायक ने चिकित्सकों को घायल मजदूरों के अच्छे से अच्छा इलाज करने के भी निर्देश दिए।

# नवंबर में कुड़कुड़ी बंधाने लगेगी ठंड

## करीब तीन घंटे घटा दिन, आज से बादल या हल्की बारिश के भी आसार

मुजफ्फरनगर, 26 अक्टूबर (बु.)। अक्टूबर के अंतिम दौर में पहुंचने के साथ मौसम ने ठंड के एक्सीलेटर पर पांव रख दिए हैं। मौसम विभाग की मानें तो नवंबर काफी ठंडा होगा। जल्द ही बादल और हल्की बारिश के साथ पहाड़ों पर बर्फबारी मौसम को बदल देगी। नगर में आज तापमान अधिकतम 30.6/16.0 रहा। इसके चलते आज दिन में ठंडक थोड़ा बढ़ी। शाम के समय जल्द ही धुंधलका छा गया। मई की तुलना में दिन का आकार भी तीन घंटे कम हो गया है। नगर में आज मौसम में बदलाव की आहट दिखाई दे रही है। हालांकि अभी भी गर्मी का अहसास दिन में बना हुआ है और घरों में भी पंखे चल रहे हैं। रात में भी मच्छरों के प्रकोप के चलते पंखे चलाने पड़ रहे हैं। नगर में विगत एक सप्ताह में तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई। ऐसे में आज अधिकतम तापमान 30.6 और न्यूनतम 16.0 डिग्री रह गया। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में धीरे-धीरे ठंड बढ़ेगी और नवंबर में अच्छी खासी ठंड होने लगेगी। ठंड की आहट के साथ लोग पूरी आस्तीन के कपड़ों पर आ गए हैं और



घरों में भी गर्म कपड़े बाहर आने लगे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते पहाड़ों पर बर्फबारी की संभावना है, जिससे ठंड बढ़ने के आसार हैं। इस बार मानसून की अच्छी बारिश के कारण सर्दी जल्दी दस्तक दे रही है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले दो तीन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है, जिससे तापमान और गिरेगा। इसके चलते नवंबर के पहले सप्ताह में ही तापमान में गिरावट आएगी और दिल्ली-एनसीआर में ठंडक बढ़ेगी। दूसरी ओर अरब सागर और बंगाल की खाड़ी- दोनों तरफ से बन रहे मौसम तंत्रों के चलते उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक बेमौसम बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार को बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। साथ ही 27 से 31 अक्तूबर के बीच प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना बन रही है। आने वाले चार-पांच दिनों में बादलों की आवाजाही बढ़ेगी। बारिश के चलते दिन का तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। वहीं रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है।

## सलमान खान आतंकवादी घोषित, आखिर किस बयान से बिलबिलाया पाकिस्तान

**नई दिल्ली, 26 अक्तूबर (एजेंसी)।** सऊदी अरब में एक शो के दौरान सलमान खान ने बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग देश बताया था, जिससे भारत का पड़ोसी मुल्क बिलबिला गया। इस बयान से पाकिस्तान इतना भड़क गया कि शहबाज सरकार ने उन्हें आतंकवादी घोषित कर दिया। पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने इस संबंध में आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस खबर के सामने आने के बाद सलमान के फैंस गुस्से में हैं और पाकिस्तान पर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। पाकिस्तान के गृह विभाग ने सलमान खान को फोर्थ शेड्यूल में शामिल कर, उन्हें आतंकवादी घोषित कर दिया है। यह लिस्ट एंटी-टेररिज्म एक्ट के तहत आती है। यही नहीं, इसमें शामिल शख्स के खिलाफ पाकिस्तान में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इस सम्बंध में सरकार की ओर से आधिकारिक नोटिफिकेशन भी जारी किया गया है। हालांकि, इस मामले पर अभी तक सलमान खान या उनके प्रतिनिधियों की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सऊदी अरब में आयोजित जॉय फोरम 2025 का एक वीडियो सामने आया, इसमें कुछ कहते हुए सलमान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में वे कहते दिख रहे हैं, 'ये बलूचिस्तान के लोग हैं, अफगानिस्तान के लोग हैं, पाकिस्तान के लोग हैं, हर कोई सऊदी अरब में मेहनत से काम कर रहा है।' इस बयान पर गौर करें तो उन्होंने बलूचिस्तान का नाम पाकिस्तान से अलग लिया, जिससे पाकिस्तान में नाराजगी फैल गई और सरकार ने उन्हें आतंकवादी घोषित कर दिया।


GOVERNMENT OF BALOCHISTAN
HOME DEPARTMENT
(Judicial Section-II)
NOTIFICATION
उसी नंबर से जारी अन्य लेटर
GOVERNMENT OF BALOCHISTAN
HOME DEPARTMENT
(Judicial Section-II)
NOTIFICATION

## सूदखारों से तंग आकर जान देने वाले युवक के परिजनों से मिले क्षेत्रीय विधायक

**खतौली, 26 अक्तूबर (बु.)।** सूदखोरों के उत्पीड़न से जहरीला पदार्थ पीकर अपनी जान देने वाले मृतक के परिजनों से मिलकर क्षेत्रीय विधायक ने सांत्वना देते हुए न्याय दिलाये जाने का आश्वासन दिया। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय विधायक मदन भैया नगर के इस्लामनगर कॉलोनी स्थित मृतक मुबस्सिर के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक के पिता अजीम सहित परिवारजनों को सांत्वना देते हुए अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। विधायक ने कहा कि दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी तथा दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। आपको बता दें कि मृतक मुबस्सिर द्वारा सूदखारों द्वारा उधार की रकम वापसी के किये गए उत्पीड़न से पीड़ित होकर गत दिनों जहर पी लिया था जिसके सेवन से उसकी मौत हो गयी थी। मृतक के परिवार द्वारा सूदखोर सहित उसके दो अन्य साथियों के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई थी। वहीं दूसरी ओर अपने कैम्प कार्यालय पर नगर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभाग अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये।

## सहारनपुर में टायर से तेल निकालने की फैक्टरी में धमाके के साथ भीषण आग लगी, दो की मौत और पांच लोग घायल

**सहारनपुर, 26 अक्तूबर (एजेंसी)।** शेखपुरा कदीम के पास स्थित टायर से तेल निकालने वाली फैक्टरी में बॉयलर फटने से भीषण हादसा हो गया, जिसमें दो मजदूरों की दुखद मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस मृतकों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। यह दुःखद घटना शेखपुरा कदीम के पास स्थित एक फैक्टरी में हुई, जहां टायर से तेल निकालने की प्रक्रिया चल रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक बॉयलर में तेज धमाका हुआ, जिसके कारण फैक्टरी में आग लग गई। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग सहम गए। आग की लपटें तेजी से फैक्टरी में फैल गईं, जिससे काम कर रहे मजदूर हताहत हुए। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सिटी (एसपी सिटी) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग की दो गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। आग की भीषणता को देखते हुए, बचाव कार्य में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। झुलसे पांच मजदूरों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। उनके परिजनों की चिंता साफ देखी जा सकती थी, जो अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे। यह फैक्टरी ब्रिजेश प्रजापति की बताई जा रही है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस फैक्टरी का



उद्घाटन छह दिन पहले छोटी दिवाली के अवसर पर किया गया था। इस घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बॉयलर फटने का कारण क्या था और क्या फैक्टरी में सुरक्षा मानकों का ठीक से पालन किया जा रहा था। इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग उठ रही है। इस घटना ने औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए सख्त निगरानी और सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य है।

## पैदल ही मेले में घूमे सीएम योगी, डेढ़ घंटे तक लगा रहा अधिकारियों का जमावड़ा, दिए सख्त निर्देश

**गढ़मुक्तेश्वर, 26 अक्तूबर (एजेंसी)।** कार्तिक पूर्णिमा मेले में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे तथा गंगा पूजन किया। इसके बाद उन्होंने मेले का पैदल भ्रमण किया तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान सांसद, विधायक, जिपं अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष सहित नेताओं का जमावड़ा लगा रहा। करीब डेढ़ घंटे तक मुख्यमंत्री मेले में मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, विशेषकर महिला संबंधी अपराध, मेले में व्यवस्था को लेकर गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। गढ़मुक्तेश्वर के गंगा खादर में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष लगने वाले मेले में अभी तक 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन हो चुका है। रविवार की सुबह से ही अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यमंत्री के आगमन की व्यवस्था करने में लगे हुए थे। दोपहर 01:20 मिनट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर गढ़मुक्तेश्वर में गंगा तट के किनारे बने हेलीपैड पर उतरा, तो वहां मौजूद लोगों ने जयकारे लगाकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला करीब 200 मीटर दूर गंगा किनारे पहुंचा तथा वहां पंडित गोविंद शास्त्री, विनोद शास्त्री, मुधसूदन शास्त्री, गगन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोचार के बीच पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद मुख्यमंत्री करीब 20 मिनट बाद पुनः वापस मेले में आ गए तथा पैदल ही मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां मौजूद श्रद्धालुओं का जमावड़ा लग गया। मुख्यमंत्री ने भी उनका हाथ हिलाकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कमिश्नर, डीआइजी, आइजी, डीएम, एसपी के साथ बैठक की तथा मेले के बारे में सम्पूर्ण जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने के निर्देश दिए। उन्होंने शराब एवं अपराध विशेषकर महिलाओं के साथ होने वाले अपराध को रोकने एवं सुरक्षा को मजबूत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने गंगा में स्नान के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को पूर्ण रूप से रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। करीब 1:25 मिनट तक मेले में रहने के बाद मुख्यमंत्री 02:45 पर वहां से रवाना हो गए।



## इंटरनेशनल मार्शल आर्ट प्लेयर ने किया सुसाइड, देवास में फंदे पर लटका मिला शव

**देवास, 26 अक्तूबर (एजेंसी)।** एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली देवास की जुजुत्सु खिलाड़ी रोहिणी कलम (35) ने सुसाइड कर लिया। रविवार को अर्जुन नगर राधागंज स्थित उनके आवास पर छोटी बहन रोशनी कलम ने कमरे में शव फंदे पर लटका देखा। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के समय उनकी मां अपनी एक अन्य बेटी के साथ देव दर्शन के लिए बाहर गई हुई थीं,



जबकि पिता भी किसी काम से घर से बाहर थे। रोहिणी वर्तमान में आष्टा के एक निजी स्कूल में मार्शल आर्ट कोच के पद पर कार्यरत थीं। शनिवार को ही देवास स्थित अपने घर आईं। रोहिणी कलम ने 2007 में अपने खेल जीवन की शुरूआत की थी। 2015 से पेशेवर रूप से जुजत्सु में भाग ले रही हैं। पिछले वर्ष अबू धाबी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय जुजुत्सु प्रतियोगिता में कांस्य पदक भी जीता था। वह जुजुत्सु संघ की महासचिव भी थी। परिवार वालों ने बताया सुबह उन्होंने सामान्य रूप से चाय-नाश्ता किया था। बहन रोशनी ने बताया कि उसने किसी से फोन पर बात भी की थी। बाद में वह अपने कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया।

**चाकू सहित गिरफ्तार : मुजफ्फरनगर।** थाना तितावी पुलिस ने एक अभियुक्त को एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार चैकिंग के दौरान मौ नवाज पुत्र इकराम उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम बघरा थाना तितावी को ग्राम अमीर नगर कट के पास से एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

## यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन, मुख्यमंत्री योगी और रक्षामंत्री भी रहे मौजूद

**गाजियाबाद, 26 अक्तूबर (एजेंसी)।** इंदिरापुरम शक्ति खंड 2 स्थित यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का रविवार सुबह राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उद्घाटन किया। सुबह 11.33 पर राष्ट्रपति अस्पताल परिसर पहुंचीं। उनके साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनुप्रिया पटेल भी रहीं। मंच पर पहुंचने से पूर्व राष्ट्रपति ने अस्पताल का भ्रमण कर अस्पताल में मौजूद आधुनिक उपकरण और बेहतर इलाज के बारे में जाना। मंच पर यशोदा प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद अस्पताल के एमडी ने अस्पताल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विश्व का बेहतरीन मेडिसिटी अस्पताल बना है, यशोदा मेडिसिटी अस्पताल एक हजार दिन में बनकर तैयार हुआ है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से



अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गाजियाबाद में आज एक बड़ी कहानी लिखी गई है। हर बड़ी यात्रा व्यक्तिगत पीड़ा से शुरू होती है। पीएन अरोड़ा ने अपनी मां की बीमारी के दौरान जो दर्द देखा, वही उनके लिए प्रेरणा बना। आज वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अब इलाज चिंता का विषय नहीं, बल्कि सुविधा बन चुका है। आयुष्मान योजना जैसी योजनाओं से इलाज आम लोगों तक पहुंच गया है। देश में अब तक 10 करोड़ से अधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या अब 800 हो गई है और मेडिकल सीटें 20 हजार से अधिक हैं। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और इसके लिए नागरिकों का स्वस्थ रहना जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रपति मुर्मु का जीवन इस बात की प्रेरणा है कि शून्य से शिखर की यात्रा कैसे की जाती है।

## बाहर कार्य करने गए युवक की गिरकर दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

**जानसठ, 26 अक्टूबर (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी जानसठ निवासी युवक हरियाणा के सोनीपत में काम करने के लिए गया हुआ था। काम करते समय गिरकर युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही मौत की सूचना गांव व परिवार को लगी, तो पूरे गांव में मातम छा गया। सूत्रों के अनुसार जानसठ कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी जानसठ निवासी जुल्फुकार पुत्र इस्लाम हरियाणा के सोनीपत में कार्य करने के लिए गया हुआ था। बताया गया कि युवक अभी चार दिन पहले कार्य करने के लिए सोनीपत गया था। सोनीपत में कार्य करते समय युवक की गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही मौत की सूचना गांव व परिवार को लगी, तो पूरे गांव में मातम छा गया। परिवार में कोहराम मच गया मृतक युवक के पिता की कुछ समय पूर्व मृत्यु हो चुकी है।



## शेष समाचार : इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर बेच रहे थे हथियार

सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है कि अवैध हथियारों का धंधा करने वाला ये गैंग व्हाट्सएप ग्रुप और इंस्टाग्राम पर हथियारों के फोटो डालकर खरीदारों की खोज करता था, जिसके बाद खरीदार मिलने पर 5 हजार रुपये का एक तमंचा बेचकर यह ऑनलाइन पेमेंट से अवैध हथियारों की सप्लाई करता था। दरसअल ककरौली थाना पुलिस को गश्त के दौरान रविवार को सूचना मिली थी कि बेहड़ा सादात रोड पर अवैध हथियार सप्लाई करने वाले गैंग के कुछ सदस्य कोई बड़ी सप्लाई करने की फिराक में है, जिसके चलते पुलिस ने जब इन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया, तो इन बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेर घोटकर कर मौके से 7 अभियुक्त अभिषेक, निखिल, नितिन, विशाल उर्फ गोली, समीर, चिंटू और संजीव को गिरफ़्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने 14 अवैध तमंचे, भारी मात्रा में कारतूस, एक मोटरसाइकिल और कुछ नगदी भी बरामद की है। आलाधिकारियों की माने अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाला यह गैंग व्हाट्सएप ग्रुप और इंस्टाग्राम पर हथियारों के फोटो डालकर एक तमंचे को 5 हजार रुपये में बेचने का काम करता था। यह लोग हथियारों की पेमेंट भी ऑनलाइन लेते थे। पुलिस गिरफ्त में आए इन अभियुक्तों में से विशाल उर्फ गोली और समीर नाम के अभियुक्त उत्तराखंड के खानपुर निवासी हैं जो बीएससी पास हैं और अग्निवीर का रिटन भी पास कर चुके हैं, इनके पास से पांच-पांच तमंचे पुलिस ने बरामद किए हैं। आपको बता दें कि जनपद में युवाओं के द्वारा रोमियो और भौकाल नाम जैसे कई ग्रुप बना रखे हैं, जिसमें वह अवैध हथियारों के फोटो और रील बनाकर डालते हैं, जिन पर शिकंजा करने के लिए मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा पिछले ढाई महीने से अभियान चलाया हुआ है, अभियान के तहत अब तक पुलिस करीब 132 अवैध हथियारों को बरामद कर दर्जनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## जौनपुर में बड़ा सड़क हादसा : रामलला दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बस ट्रेलर में घुसी, 4 मरे

**जौनपुर, 26 अक्तूबर (एजेंसी)।** यूपी के जौनपुर में 50 श्रद्धालुओं से भरी एसी बस पीछे से ट्रेलर में घुस गई। हादसे में 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 9 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे में मरने वाले सभी श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। बालाजी ट्रेवल्स के बस नंबर सीजी 07 सीटी 4681 में सवार होकर रामलला के दर्शन करने अयोध्या गए थे, वहां से वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने जा रहे थे। 4 मृतकों में तीन महिलाएं आशा भवाल (30), रेखा बानिक, गुलाव देवी (32) कांकेर जिले के पखांजूर क्षेत्र की रहने वाली थीं, जबकि बस ड्राइवर दीपक यूपी का रहने वाला था। एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया- बस के आगे ट्रेलर चल रहा था। ओवरटेक के दौरान ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया और बस ट्रेलर से जा भिड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। हादसा इतना भयानक था कि आगे का केबिन पिचक गया। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। ट्रेलर चालक से पूछताछ की जा रही है। हादसे के चलते हाईवे पर कुछ देर जाम रहा, जिसे बाद में पुलिस ने खुलवाया। हादसा वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर के पास हुआ। यूपी में जिस बस से हादसा हुआ है, वो बस दो महीने पहले ही अर्जुंदा, बालोद निवासी वेद सोनकर ने खरीदी है। ट्रेवल्स का नाम बालाजी है। जिसने बस की बुकिंग की उसका नंबर बंद आ रहा है। सारे यात्री पखांजूर से बैठे थे। बस की बुकिंग भी वहीं से हुई है। बस में दो ड्राइवर सवार थे। जिसमें अर्जुंदा, बालोद निवासी ड्राइवर सुरक्षित है। दुर्ग निवासी ड्राइवर की मौत हो गई है। बस में सवार दिलीप दास ने बताया कि हम 50 लोगों का एक ग्रुप 7 सितंबर को छत्तीसगढ़ से निकला था। हम सभी लोगों ने पहले अमर कंटक, मैहर देवी, चित्रकूट, वृंदावन, अयोध्या और फिर काशी विश्वनाथ दर्शन करने जा रहे थे। रविवार सुबह वृंदावन से अयोध्या धाम पहुंचे थे। हमने रामलला का दर्शन किया और अन्य मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की। इसके बाद ऑटो से अयोध्या घूमा। फिर रात 11 बजे खाना खाने के बाद हम सभी बस में बैठ गए। रात ज्यादा हो गई थी, इसलिए सभी लोग बस में सो गए थे।




## पुलिस की कार खड़े ट्रक में घुसी, दो की मौत, पांच घायल

**आगरा, 26 अक्तूबर (एजेंसी)।** आगरा के फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में रविवार सुबह पुलिस की कार हादसे का शिकार हो गई। जयपुर हाईवे पर कार खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में एक पुलिसकर्मी समेत दो लोगों की मौत हो गई। पांच लोग घायल हैं। आगरा के थाना निबोहरा में दर्ज एक गुमशुदगी के मामले में पुलिस टीम सूरतगढ़, राजस्थान में दबिश देने गई थी। रविवार सुबह पांच बजे करीब टीम वापस लौट रही थी। फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में जयपुर हाईवे स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास कार खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे से चीख-पुकार मच गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। हादसे में निबोहरा थाने में तैनात हेड कांस्टेबल गौरव प्रताप सिंह एवं कार चालक देव पुत्र मंगल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उपनिरीक्षक गौरव कुमार सहित पांच लोग घायल हो गए। एसीपी अछनेरा गौरव सिंह ने बताया कि आगरा पुलिस कमिश्नरेट के निबोहरा थाना में दर्ज एक गुमशुदगी के मामले में पुलिस टीम राजस्थान के सूरतगढ़ में दबिश देने गई थी।

## झारखंड-संक्रमित खून चढ़ाने से पांच बच्चे एचआईवी पॉजिटिव

**रांची, 26 अक्तूबर (एजेंसी)।** झारखंड के चाईबासा के सदर अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही का मामला सामने आया है। थैलेसीमिया पीड़ित 5 बच्चे एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्हें संक्रमित खून चढ़ाया गया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिविल सर्जन समेत सम्बंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने पीड़ित बच्चों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का निर्देश दिया है। संक्रमित बच्चों का पूरा इलाज भी राज्य सरकार कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, 'बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।' साथ ही झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में राज्य के स्वास्थ्य सचिव और जिला सिविल सर्जन से रिपोर्ट मांगी है। 3 सितंबर को यहां थैलेसीमिया पीड़ित 7 साल के बच्चे को संक्रमित खून चढ़ा दिया गया। 18 अक्टूबर को उसकी जांच की गई तो वह एचआईवी पॉजिटिव मिला। मामला सामने आया तो हाईकोर्ट ने जांच के आदेश दिए। फिर शनिवार को रांची से झारखंड सरकार की 5 सदस्यीय टीम चाईबासा सदर अस्पताल पहुंची और जांच की। इसमें सामने आया कि 4 और बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाया गया था और उनकी भी एचआईवी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें से दो बच्चे अभी भी सदर अस्पताल के पीकू वार्ड में भर्ती हैं।

